

सभी पाठकों को गणेशोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं... गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर बुधवार को कार्यालय में अवकाश रहेगा. इस कारण गुरुवार का अंक प्रकाशित नहीं होगा. पाठकों से मुलाकात का इंतजार रहेगा.

-संपादक


मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास


■ वर्ष : 44 ■ अंक : 148 ■ बुधवार, 27 अगस्त 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com



## लालबाग का राजा... पहली झलक



महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के सबसे लोकप्रिय और श्रद्धेय गणपति 'लालबागचा राजा' के इस साल के स्वरूप की पहली झलक रविवार को भक्तों के सामने प्रस्तुत की गई। जैसे ही बप्पा के दर्शन समारोह की शुरुआत हुई, भक्तों में उत्साह और भक्ति का माहौल देखते ही बन रहा था। इस बार लालबागचा राजा का रूप अत्यंत मनमोहक और दिव्य नजर आ रहा है। बप्पा के हाथ में चक्र, सिर पर आकर्षक मुकुट और बैंगनी रंग की धोती ने इस साल की प्रतिमा को खास बना दिया है।

# गणपति बाप्पा मोरया से गूंजा आसमान

- ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझ रहे वाहन चालक
- मंडलों में सबसे बड़ा आगमन दिखाने की स्पर्धा
- अवैध बैनरों से सजा हुआ शहर



**उल्हासनगर.** आज से 10 दिनों तक चलने वाले गणेशोत्सव की शुरुआत हो रही है। गणपति बाप्पा मोरया के जयघोष से आसमान गूंज रहा है। हर जगह उत्सव का माहौल देखने को मिल रहा है। गणेश मंडप सजावट, मिठाइयां, लाइट की दुकानों पर दिवाली त्यौहार का माहौल अभी से ही देखने को मिल रहा है। वहीं पिछले एक सप्ताह से बड़े गणेश प्रतिमाओं का आगमन हो रहा है। उल्हासनगर, अंबरनाथ व कल्याण में सड़कों पर गड्ढों के कारण गणेश भक्तों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सरकार व प्रशासन द्वारा जो वादा किया गया था कि गणेशोत्सव से पूर्व गड्ढे भरे जाएंगे जिसमें वो पूरी तरह विफल साबित हुए हैं। लगातार पड़ रही भारी बारिश के कारण भी गड्ढों में और भी ज्यादा वृद्धि हो रही है।

गणेश मंडलों द्वारा अन्य मंडलों से स्पर्धा के चलते आगमन पर बड़े से बड़ा जुलूस निकाला जा रहा है। यह जुलूस श्रद्धा कम और दिखावा ज्यादा देखा जा रहा है। इनमें ज्यादातर राजनीतिक पक्ष के युवा नेता देखे जा रहे हैं। आगामी मनपा चुनाव का असर इन जुलूस पर भी देखा सकता है। वहीं खराब रास्तों और बड़े जुलूसों के कारण हर जगह ट्रैफिक जाम भी देखा जा रहा है। कुछ मिनटों की दूरी के लिए लंबा जाम वाहन चालकों को देखना पड़ रहा है।

उल्हासनगर शहर में अवैध रूप से गणपति आगमन के बैनर लगाने की भी स्पर्धा चल रही है। जिसपर मनपा प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। मनपा प्रशासन द्वारा बनाए गए विसर्जन स्थल के कार्य भी अधूरे देखे जा रहे हैं। ट्रैफिक पुलिस अपना काम कर रही है बावजूद ट्रैफिक जाम उल्हासनगर के हर रोड पर देखा जा रहा है। पुलिस द्वारा गणेशोत्सव शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गई है।

### डीजे बजाकर नियमों का खुलकर उल्लंघन

उल्हासनगर पुलिस उपायुक्त परिमंडल-4 क्षेत्र में पुलिस का भी तगड़ा बंदोबस्त है। लेकिन गणेश मंडलों द्वारा गणेश आगमन पर कानून का खुलकर उल्लंघन किया जा रहा है। एक तरफ जहां डीजे पर पाबंदी लगाई गई है तो दूसरी तरफ मंडलों द्वारा रास्ते बंद कर सड़कों पर मंडप लगाकर खुलकर डीजे बजाया जा रहा है। ध्वनि प्रदूषण भी खुलकर किया जा रहा है। समाजसेवी एड. सरिता खानचंदानी द्वारा ट्विटर पर कई शिकायतों के बाद शहर के दर्जनभर मंडलों पर ध्वनि प्रदूषण के मामले दर्ज हुए हैं। बावजूद बड़े मंडलों द्वारा खुलकर इसका उल्लंघन हो रहा है।

## गणेश चतुर्थी के लिए पुलिस व्यवस्था मुस्तैद



### पुलिस बल की तैनाती

- 10 पुलिस उपायुक्त
- 18 सहायक पुलिस आयुक्त
- 100 पुलिस निरीक्षक
- 347 सहायक पुलिस निरीक्षक और पुलिस उप-निरीक्षक
- 2,858 पुलिसकर्मी (पुरुष और महिला)
- 1 एसआरपीएफ कंपनी।

**उल्हासनगर.** गणेश चतुर्थी के मद्देनजर, ठाणे शहर पुलिस आयुक्तालय ने अपनी कमर कस ली है। नगर आयुक्तालय और पुलिस महानिदेशक के सहयोग से कुल साढ़े तीन हज़ार अधिकारी और कर्मचारी तैनात किए जाएँगे। इसमें एक एसआरपीएफ कंपनी भी शामिल है।

ठाणे शहर पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत आने वाले ठाणे शहर, कल्याण-डोंबिवली, उल्हासनगर, भिवंडी, अंबरनाथ-बदलापुर क्षेत्रों में बुधवार (गुरुवार 27) यानी गणेश चतुर्थी के दिन एक लाख 57 हज़ार 842 बप्पा का आगमन होगा। ठाणे पुलिस ने इस 10 दिवसीय गणेशोत्सव के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए पूरी तरह से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है। पुलिस ने बताया है कि पुलिस की मदद के लिए 89 वॉकी-टॉकी, 60 वायरलेस सेट, 54 जीप, पाँच टैंकर, 16 और तीन गैस स्क्वॉड उपलब्ध कराए गए हैं।

## गणेश स्थापना का मुहूर्त

गणेश प्रतिमाओं की स्थापना का समय बुधवार, 27 अगस्त को प्रातः 11:25 बजे से दोपहर 1:54 बजे तक प्राणप्रतिष्ठा और षोडशोपचार पूजा के लिए होगा। यदि इस समय स्थापना संभव न हो, तो सूर्योदय से दोपहर 1:54 बजे तक प्रतिमा स्थापित की जा सकती है.

### गौरी का आह्वान कब करें?

इस वर्ष, रविवार, 31 अगस्त को शाम 5:25 बजे तक जब चंद्रमा अनुराधा नक्षत्र में हो ज्येष्ठ गौरी घर लाएं. सोमवार, 1 सितंबर को गौरी पूजन की जानी चाहिए। मंगलवार, 2 सितंबर को रात्रि 9:50 बजे तक मूल नक्षत्र में प्रतिमा का विसर्जन करना सर्वोत्तम रहेगा।

### अगले वर्ष गणेशोत्सव कब है?

गणेश विसर्जन के दौरान, हमेशा की तरह, भक्त 'गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ' का जाप करते हैं। हालांकि, अगले वर्ष (2026) ज्येष्ठ अधिकमास के कारण गणेशोत्सव देरी से आएगा। इसलिए गणेश का आगमन सोमवार, 14 सितंबर 2026 को होगा और गणेशोत्सव इस वर्ष की तुलना में 18 दिन बाद मनाया जाएगा।

## उल्हासनगर में गणपति का आगमन गड्ढों से

- फ्लाईओवर गड्ढों के साम्राज्य में फंसा
- महानगरपालिका प्रशासन द्वारा गड्ढों की अनदेखी
- कुछ दिनों पूर्व हुई थी मरम्मत



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर के पूर्व और पश्चिम को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण छत्रपति शाहू फ्लाईओवर इन दिनों गड्ढों के साम्राज्य में फंसा हुआ है। पुल पर बने गड्ढों के कारण न केवल ट्रैफिक जाम होता है, बल्कि वाहन चालकों को हर दिन जोखिम उठाकर यात्रा करनी पड़ती है। पिछले महीने जगह-जगह डामरीकरण किया गया था। हालाँकि, भारी बारिश के कारण यह काम नहीं चल पाया और फ्लाईओवर फिर से गड्ढामय हो गया है। अब ये गड्ढे सचमुच झील का रूप ले चुके हैं और वाहन चालकों को इनसे गुजरने में काफी परेशानी हो रही है। इस बीच, बस एक दिन में गणेशोत्सव शुरू हो रहा है। उल्हासनगरवासी गुस्से में पूछने लगे हैं कि क्या उन्हें इन गड्ढों से होकर गणपति बप्पा का स्वागत करना पड़ेगा। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद, महानगरपालिका प्रशासन गड्ढों की पूरी तरह से अनदेखी कर रहा है। 'क्या यही उल्हासनगर के विकास का तरीका है?' नागरिक भी प्रशासन से यही सवाल पूछ रहे हैं।

## गणेश चतुर्थी के लिए मनपा ने की तैयारियाँ

- उल्हासनगर मनपा आयुक्त ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश




**उल्हासनगर.** उल्हासनगर मनपा ने 27 अगस्त से 6 सितंबर तक उल्हासनगर में आयोजित होने वाले गणेश चतुर्थी की तैयारियाँ शुरू कर दी हैं। मनपा प्रशासक एवं आयुक्त मनीषा अव्हाले की अध्यक्षता में हाल ही में मनपा में हुई एक बैठक में शहर के बुनियादी ढाँचे, सुरक्षा, पर्यावरण और मंडलों को आवश्यक सुविधाएँ प्रदान करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। शहर में मुख्य मार्गों, जुलूस मार्गों और विसर्जन मार्गों पर बने गड्ढों को त्योहार से पहले तुरंत भरने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, कृत्रिम विसर्जन तालाबों की मरम्मत और उन्हें सुसज्जित रखने को कहा गया है। इन तालाबों में विसर्जित की जाने वाली मूर्तियों का विसर्जन तुरंत कल्याण खाड़ी में किया जाएगा।

तालाबों में नियमित जलापूर्ति के लिए टैंकरों की व्यवस्था की जाएगी और आवश्यकतानुसार बिजली और प्रकाश व्यवस्था की भी व्यवस्था की जाएगी। गणेशोत्सव के दौरान सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। विसर्जन घाटों पर नगर निगम कर्मचारियों और पुलिस कर्मियों के लिए मंडप, चाय, नाश्ता और भोजन की व्यवस्था की जाएगी। कृत्रिम विसर्जन कुंडों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएँगे, साथ ही एम्बुलेंस के साथ चिकित्सा दल और अग्निशमन विभाग की टीम भी तैनात रहेगी। यातायात जाम से बचने के लिए यातायात पुलिस की तैनाती की जाएगी।

### गणेशोत्सव सजावट प्रतियोगिता

पर्यावरण अनुकूल गणेशोत्सव को प्रोत्साहित करने के लिए मनपा ने एक प्रतियोगिता की घोषणा की है। सर्वश्रेष्ठ दृश्य बनाने वाले मंडलों को क्रमशः 3 लाख रुपये, 1.5 लाख रुपये और 50 हज़ार रुपये के नकद पुरस्कार दिए जाएँगे। साथ ही, गणेश मंडलों से गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग करने, निर्मल कचरे का उचित निपटान करने, कम से कम बैनर लगाने, डॉल्बी (डीजे) और पटाखों के बिना उत्सव मनाने और रक्तदान शिविर व स्वच्छता शिविर जैसी सामाजिक गतिविधियों का आयोजन करने का आग्रह किया गया है। मंडलों को अस्थायी मंडप के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा प्रदान की जाएगी और यह सहायता नागरिक सुविधा केंद्रों पर भी उपलब्ध होगी। सार्वजनिक गणेश मंडलों से शाम 4 बजे से जुलूस निकालने और रात 12 बजे तक विसर्जन पूरा करने का आग्रह किया गया है।

## कोंकण के लिए बसें रवाना



**उल्हासनगर.** गणेशोत्सव के पावन अवसर पर उल्हासनगर से कोंकण जाने वाले गणेश भक्तों के लिए शिवसेना की पहल पर उल्हासनगर से निःशुल्क बस सेवा शुरू की गई। सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे के माध्यम से चलाई जा रही इस पहल से अपने गाँव जाने के लिए उत्सुक भक्तों के चेहरों पर मुस्कान साफ दिखाई दी।

शिवसेना की पहल पर पिछले कुछ वर्षों से निःशुल्क बस सेवा प्रदान की जा रही है। इस वर्ष भी उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के मार्गदर्शन में, साथ ही कल्याण लोकसभा सांसद डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे के प्रयासों से कोंकण और पश्चिमी महाराष्ट्र जाने वाली 713 मुफ्त बसें शुरू की गई हैं।

रविवार को उल्हासनगर के मराठा सेक्शन से भी बसें रवाना हुईं। ये बसें चिपलून और मालवण जाने वाले सेवकों के लिए थीं। इस अवसर पर पूर्व महापौर लीलाबाई आशान, समाजसेवी साक्षी सुर्वे और समाजसेवी संदीप सुर्वे ने बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## गणेश चतुर्थी से एक दिन पहले मूर्तिकार फरार

- लोगों को जो मूर्ति मिली, उठाकर ले गए घर
- कला केंद्र पर जमकर हंगामा



**कल्याण.** गणेशोत्सव की पूर्व संध्या पर कल्याण-डोंबिवली इलाके में एक बड़ा हंगामा सामने आया है। डोंबिवली पश्चिम स्थित एक कला केंद्र का मूर्तिकार अचानक भाग गया, जिससे भक्तों में हड़कम्प मच गया.

फुले रोड स्थित 'आनंदी कला केंद्र' का मूर्ति निर्माता गणेशोत्सव से महज दो दिन पहले ही फरार हो गया। इस घटना से उन नागरिकों में रोष का माहौल है जिन्होंने पहले ही मूर्तियों की बुकिंग करा ली थी। जब गणेश भक्तों के घरों में बप्पा के आगमन की उम्मीद है, तो यह सवाल उठ खड़ा हुआ है कि मूर्तियाँ कहाँ से लाएँ।

सोमवार (25 अगस्त) को यह घटना तब सामने आई जब कुछ नागरिक अपनी मूर्तियाँ लेने कला केंद्र पहुँचे। मूर्ति निर्माता के फरार होने की खबर जैसे ही इलाके में फैली, कई नागरिक कला केंद्र की ओर दौड़ पड़े। इसके बाद वहाँ भारी हंगामा मच गया।

आनंदी कला केंद्र के मालिक ने बड़े पैमाने पर गणेश मूर्तियों की बुकिंग ली थी। हालाँकि, बताया जा रहा है कि सभी मूर्तियाँ बनाना असंभव होने के कारण मूर्ति निर्माता भाग गया। इसलिए, जिन भक्तों ने पहले ही पैसे देकर मूर्तियाँ बुक कर ली थीं, वे सबसे ज़्यादा परेशानी में हैं। जब भक्तों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा, तो आखिरकार कला केंद्र में रखी मूर्ति को लोग ले गए।

## उल्हासनगर भाजपा की कार्यकारिणी घोषित

- अध्यक्ष राजेश वधरिया ने बनाई जम्बो कमेटी
- 6 महासचिव व 12 उपाध्यक्ष
- नए व युवा चेहरों को प्राथमिकता






**उल्हासनगर।** उल्हासनगर भाजपा जिला की कार्यकारिणी कल मंगलवार को जिलाध्यक्ष राजेश वधरिया ने घोषित कर दी है। आगामी महानगरपालिका चुनाव के मद्देनजर इस जम्बो कमेटी में 6 महासचिव जिनमें दीपक छतलानी, अमित वाधवा, लखी नाथानी, अमर लुंड, विनोद गोवाणी, अर्चना कर्णकाले का समावेश है इसके अलावा 12 उपाध्यक्ष व 9 सचिव होंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रकाश माखीजा को खजिनदार बनाया गया है। युवा मोर्चा के अध्यक्ष पद पर गुरदीपसिंग (बॉक्सर) अजितसिंग लबाना की नियुक्ति की गई है। इस जम्बो कमेटी में हर वर्ग को स्थान दिया गया है। ज्यादातर नए और युवा चेहरे देखने को मिल रहे हैं। महिला मोर्चा की अध्यक्षा मंगला चांडा होंगी और ओबीसी के अध्यक्ष लीलाधर भावसार होंगे। 71 कार्यकर्ताओं को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। अब आगामी मनपा चुनाव में भी नए व युवा चेहरों को भी मौका दिया जा सकता है। ज्ञात हो कि भाजपा की नई कार्यकारिणी की घोषणा का इंतजार पिछले कई दिनों से हो रहा था।

## गांजा तस्कर गिरोह को कल्याण पुलिस ने किया गिरफ्तार

- 40 लाख रुपये का गांजा जब्त
- आंध्र प्रदेश से हो रही गांजा की तस्करी



**कल्याण.** आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम से गांजा लाकर महाराष्ट्र के विभिन्न हिस्सों में तस्करी के जरिए बेचने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह को कल्याण के पुलिस उपायुक्त की विशेष कार्रवाई टीम और खड़कपाड़ा पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से गिरफ्तार किया है। इस गिरोह में कुल 13 लोग शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से 28 लाख 75 हजार रुपये का गांजा और कुल 70 लाख रुपये मूल्य का विभिन्न प्रकार का सामान जब्त किया है।

खड़कपाड़ा पुलिस की विशेष कार्रवाई टीम और पुलिस उपायुक्त अतुल झेंडे पिछले 25 दिनों से इस गिरोह पर नज़र रख रहे थे। 2 अगस्त को, कल्याण के पास अंबिवली रेलवे स्टेशन क्षेत्र में बनेली रोड पर गश्त के दौरान, उपायुक्त झेंडे की एक विशेष टीम और खड़कपाड़ा पुलिस की एक संयुक्त टीम गश्त कर रही थी। इसी दौरान उन्हें एक वाहन की संदिग्ध गतिविधियाँ दिखाई दीं। पुलिस ने वाहन की तलाशी ली। उसमें गांजे का एक जखीरा मिला। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। उनके खिलाफ खड़कपाड़ा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था।

इस अपराध की जाँच करते हुए, आंबिवली में गिरफ्तार तीन लोगों द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर, पुलिस ने बदलापुर, ठाणे, सोलापुर और वहाँ से आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम तक जाँच की। इस जाँच के दौरान, इन शहरों के गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ़्तार किए गए आरोपियों के नाम बाबा शेख, गुफरान शेख, सुनील राठौड़, आज़ाद शेख, शुभ भंडारी, सोनू सैय्यद, आसिफ शेख, प्रथमेश नलावड़े, रितेश गायकवाड़, अंबादास खामकर, आकाश भिटाड़े, योगेश जोध हैं।

यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस आयुक्त संजय जाधव, सहायक आयुक्त कल्याणजी घेटे, उपायुक्त अतुल ज़ेंडे और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक डॉ. अमरनाथ वाघमोड़े, मारुति अंधाले, सबाजी नाइक, अनिल गायकवाड़, विजय गायकवाड़, संदीप भालेराव, जीतेंद्र थोके, सदाशिव देवरे, निसार पिंजारी, राजू लोखंडे, योगेश बुधकर, संदीप भोईर, सुरेश खंडाले, सूरज खंडाले, अनंत देसले, अमित शिंदे, कांतिलाल वारघाडे, खुशाल नेरकर, सुरेश खंडाले, अनिल खरसन, राहुल शिंदे की टीम के मार्गदर्शन में की गई।

### विशाखापत्तनम के वन क्षेत्र में गांजे की खेती

आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम शहर के एक सुदूर वन क्षेत्र में गांजे की खेती की जा रही थी। उपायुक्त अतुल ज़ेंडे ने बताया कि तस्कर उस खेती से गांजा गुप्त रास्तों से महाराष्ट्र में लाकर बेच रहे थे। विशाखापत्तनम से शहर में गांजा लाते समय, तस्कर पुलिस की नज़रों से बचने के लिए वॉकी-टॉकी का इस्तेमाल कर रहे थे। इन 13 तस्करों के पास से 28.75 लाख रुपये का गांजा, रिवॉल्वर, ज़िंदा कारतूस, दो वॉकी-टॉकी सेट, तस्करी में इस्तेमाल होने वाले पाँच वाहन और नकदी ज़ब्त की गई है।

## ईंटों से भरा ट्रक घर से टकराया



**उल्हासनगर.** सोमवार सुबह उल्हासनगर कैंप क्रमांक 1, शनि मंदिर बोर्ड के सामने, तानाजीनगर, एमआईडीसी रोड पर एक भीषण हादसा हुआ। ब्रेक फेल होने से ईंटों से भरा एक ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक घर से जा टकराया। टक्कर से घर की दीवारों में बड़ी दरारें आ गईं और लोहे की सीढ़ियाँ ढह गईं। गनीमत रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। घर में मौजूद लोगों के समय रहते सुरक्षित बाहर निकल जाने से एक बड़ा हादसा टल गया।

इस भीषण हादसे के बाद इलाके में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। नागरिकों की भीड़ के कारण घटनास्थल पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित करते हुए कहा कि इस इलाके में बड़ी संख्या में भारी वाहनों का आवागमन होता है। इसलिए हादसों का खतरा बना रहता है। खेद है कि नागरिकों की बार-बार मांग के बावजूद इस सड़क पर यातायात प्रतिबंध अभी तक नहीं लगाए गए हैं।

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. - वाल्मीकि

उल्हास विकास **संपादकीय**

## भारत की रक्षा प्रणाली का नया अध्याय

आज के दौर में तकनीकी विकास के साथ युद्ध के तरीके भी बदल गए हैं। अब पारंपरिक युद्ध के बजाय तकनीक का ज्यादा इस्तेमाल हो रहा है। दुश्मन देश की जमीनी सीमा पार किए बिना ही हवाई हमलों को बखूबी अंजाम दिया जाता है। ड्रोन, स्वायत्त प्रणाली और हाइपरसोनिक हथियारों के उदय ने युद्ध के पारंपरिक सिद्धांतों को बदल दिया है। ऐसे में कोई भी देश तभी अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकता है, जब उसके पास मजबूत वायु रक्षा प्रणाली हो।

इसी के मद्देनजर भारत ने हाल में एकीकृत हवाई रक्षा हथियार प्रणाली का सफल परीक्षण कर इस दिशा में एक और सफलता हासिल कर ली है। 'आपरेशन सिंदूर' में पाकिस्तान को शिकस्त देने के करीब तीन माह बाद भारत की रक्षा प्रणाली में मजबूती का यह एक नया अध्याय जुड़ गया है। ड्रोन और मिसाइलों के हमलों को नाकाम करने की अपनी क्षमता को और ज्यादा सुदृढ़ एवं विश्वसनीय बनाने की ओर एक बड़ी और अहम कामयाबी है।

पारंपरिक युद्ध की तुलना में आज के युद्ध में तकनीक का महत्त्व सर्वोपरि है। अब लड़ाई जमीन पर नहीं, बल्कि आसमान से लड़ी जा रही है। आधुनिक हाइपरसोनिक और क्रूज मिसाइलें हजारों किलोमीटर दूर अपने लक्ष्य को भेद सकती हैं। ड्रोन का इस्तेमाल अब रक्षा प्रणालियों और सैन्य ठिकानों को नुकसान पहुंचाने के लिए किया जा रहा है, जैसा रूस-यूक्रेन युद्ध और मध्य-पूर्व के संघर्षों में देखा गया है। जाहिर है, इस तरह के खतरों से निपटने के लिए भारत की रक्षा तैयारियों को तेज करना आवश्यक है।

भारत की नव-विकसित एकीकृत हवाई रक्षा हथियार प्रणाली बहुस्तरीय प्रणालियों का एक ऐसा स्वदेशी तंत्र है, जो दुश्मन के लड़ाकू विमानों, ड्रोन और मिसाइलों को अपने लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ही नष्ट करने में सक्षम है। इसमें हमले का संकेत मिलने पर तुरंत जवाब देने और सतह से हवा में मार करने वाली स्वदेशी मिसाइल प्रणाली तथा उच्च शक्ति वाली लेजर आधारित प्रणाली शामिल है, जो दुश्मन के हौसलों को पस्त कर देगी। दरअसल, इस रक्षा प्रणाली को मिशन 'सुदर्शन चक्र' के तहत विकसित किया गया है, जिसका मकसद वर्ष 2035 तक भारत को एकीकृत वायु रक्षा प्रणाली में पूरी तरह आत्मनिर्भर बनाना है।

# चुनाव प्रक्रिया से भरोसा डिगाने की चेष्टा

कई बार आधारहीन, किंतु लोक-लुभावन जुमले लोकतंत्र को घातक चोट पहुंचाते हैं। वोट-चोरी जैसा आरोप इसी तरह के प्रयासों में से एक है। लोकतंत्र केवल चुनावों से ही नहीं, अपितु चुनाव-प्रक्रिया पर जनता के भरोसे पर पुष्पित-पल्लवित होता है।

इसके लिए जरूरी है कि मतदान केंद्र पर कतार में अपनी बारी का इंतजार करते हुए मतदाताओं के मन में यह अटूट भरोसा हो कि उनका वोट सुरक्षित है और उनका निर्णय देश की दिशा तय करेगा। हाल के दिनों में कांग्रेस की आगुआई में कुछ दलों द्वारा वोट-चोरी जैसे आरोपों ने इस विश्वास को चुनौती देने का प्रयास किया है। इससे चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था की साख को चोट पहुंच रही है।

संविधान निर्माताओं ने संविधान के भाग-15 में एक स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव आयोग की स्थापना की। चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष बनाए रखने के लिए संसद ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1950, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 तथा रजिस्ट्रेशन आफ इलेक्टोरल रूल्स-1960 बनाया, जिनमें मतदाता सूची के निर्माण, उसका प्रकाशन, उन पर आपत्तियों का आमंत्रण और उनके सम्यक निस्तारण की चरणबद्ध व्यवस्था है। यदि कोई व्यक्ति किसी अधिकारी के निर्णय से असंतुष्ट है तो उसे अपील का अधिकार है।

उसके पास अनुच्छेद 226 के अंतर्गत उच्च न्यायालय जाने का विकल्प भी उपलब्ध है। इस पूरी कानूनी व्यवस्था का उद्देश्य यह है कि किसी के साथ अन्याय न हो।



एक व्यक्ति को केवल एक जगह ही मतदान का अधिकार हो। किसी का नाम छूट गया है तो वह अपना नाम जोड़ने के लिए आवेदन करे और किसी ऐसे व्यक्ति का नाम जुड़ गया है, जो मतदाता होने का हकदार नहीं है, तो उस पर आपत्ति दर्ज करके उसे हटाया जा सके। यह पूरी प्रक्रिया दुनिया के दूसरे किसी भी लोकतंत्र से अधिक पारदर्शी है। यही कारण है कि शीर्ष न्यायालय ने कभी इस प्रक्रिया पर प्रश्न नहीं उठाया। चुनाव आयोग पर वोट चोरी के आरोपों का सबसे निराशाजनक पहलू यह है कि यह अपनी असफलता को छिपाने के लिए किया जा रहा है। हालांकि देर-सबेर जनता इसकी सच्चाई को समझ जाएगी, किंतु कई बार इससे फौरी तौर पर घातक और कई बार अपूरणीय क्षति हो जाती है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप ने 2020 के चुनावों के बाद इसी तरह के जुमले का प्रयोग करते हुए चुनाव-चोरी का आरोप लगाया था।

परिणाम यह हुआ कि अमेरिका के लोकतंत्र के इतिहास में पहली बार कैपिटल हिल पर हिंसा भड़क उठी और अमेरिकी लोकतंत्र की छवि को गहरी चोट पहुंची। ब्राजील भी इस तरह के आरोपों की सजा भुगत चुका है। पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देश भी इसकी कीमत चुका रहे हैं। चूंकि हमारे देश में एक मजबूत कानूनी एवं न्यायिक ढांचा है और अधिकांश जनता भी परिपक्व है, लिहाजा किसी उथल-पुथल की आशंका नहीं है। इस तरह के सस्ते हथकंडों का प्रयोग राजनीतिक दलों की नींव को ही कमजोर करता है।

लोकतंत्र में आलोचना का अधिकार सभी को है। यदि किसी व्यक्ति को मतदाता सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया में किसी का नाम जुड़ने या हटने पर आपत्ति है, तो उसे अदालत जाने का अधिकार है, किंतु इन विकल्पों के प्रयोग के बजाय किसी प्रमाण के बिना ही 'वोट चोरी' जैसे जुमले के प्रयोग से जनता में भ्रम और संदेह फैलता है, जो किसी के भी हित में नहीं है। राजनीतिक दलों का दायित्व है कि वे राजनीतिक लड़ाई के लिए झूठ और फरेब का सहारा न लें। वे जनता को लोकतंत्र की शक्ति में विश्वास दिलाएं। उन्हें निराश न करें।

संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए लोकतांत्रिक संस्थाओं पर प्रहार करना दीर्घकालिक रूप से लोकतंत्र को कमजोर करता है। ऐसा करके दल अनजाने में उसी डाल को काट रहे होते हैं, जिस पर वे बैठे हैं। उन्हें याद रखना चाहिए कि वे तभी तक सुरक्षित हैं, जब तक लोकतंत्र की जड़ों को जनविश्वास का पोषण मिलता रहता है। एक बार उसके टूटने पर सबकी सुरक्षा खतरे में पड़ती है। परिपक्व लोकतंत्र में राजनीतिक दलों से विशेष रूप से अपेक्षा की जाती है कि संवैधानिक संस्थाओं की आलोचना तथ्यों पर आधारित हो। यदि किसी को कोई आपत्ति है, तो वह अनर्गल आरोपों के बजाय कानूनी प्रक्रिया के द्वारा उसका हल ढूंढ़े।



हमें अपनी ओर से पूरा प्रयास करना चाहिए, पर परिणाम को प्रभु के हाथों में छोड़ देना चाहिए।
- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज
स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२
देखें सत्संग आस्था चौनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# दहेज के लिए हत्या एक अफसोसनाक हकीकत

चीआधुनिक और शिक्षित माने जाने वाले समाज में अगर दहेज और इसकी वजह से होने वाली हत्या के मामले एक गंभीर समस्या के रूप में आज भी कायम हैं, तो यह सोचने की जरूरत है कि हमारे विकास की दिशा क्या रही है और इसका हासिल क्या है। यों, देश भर से दहेज के लिए किसी महिला की हत्या कर देने या उसे भयानक स्तर पर प्रताड़ित करने के मामले अक्सर सामने आते रहते हैं। मगर उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले से दहेज हत्या का जैसा मामला सामने आया है, वह बताता है कि आज भी कुछ लोग किस तरह की संकीर्णता, जड़ता और पिछड़े मानस से ग्रस्त है और लोभ में कितने अमानुष और क्रूर हो जा सकते हैं।

गौरतलब है कि सिरसा गांव में एक महिला को उसका पति और ससुराल के अन्य लोग लगातार दहेज की मांग करते हुए प्रताड़ित करते थे, जबकि महिला के मायके से ज्यादातर मांग पूरी की गई। मगर जब व्यक्ति पर बेलगाम लालच हावी हो जाता है, तब उसके क्रूर हो जाने की आशंका बहुत बढ़ जाती है। छत्तीस लाख रुपए की नई मांग आखिरकार इस नतीजे तक पहुंची कि महिला को उसके पति ने यातना देते हुए जिंदा जला कर मार डाला।

यह घटना एक बार फिर बताती है कि अर्थव्यवस्था के चमकते आंकड़ों



और विकास के दावों के बीच समाज में परंपरा के नाम पर ऐसी क्रूरताएं पल-बढ़ रही हैं, जिनका शिकार आए दिन महिलाएं हो रही हैं। सवाल है कि दहेज के खिलाफ बने सख्त कानून के बावजूद एक व्यक्ति कैसे यह साहस कर पाता है कि वह न केवल विवाह में दहेज की ऊंची मांग पूरी करवाता है, बल्कि शादी के बाद भी लगातार धन या सामान की मांग करते हुए वधू को प्रताड़ित करता है और कभी मार भी डालता है।

ऐसा लगता है कि न तो कानून को अमल में लाने के लिए सरकार की ओर से पर्याप्त संजीदगी बरती जाती है, न ही दहेज के लिए वधू को यातना देने वालों को इस कानून का कोई खौफ सताता है। इसकी वजह इस हकीकत में छिपी है, जिनमें दहेज उत्पीड़न या हत्या के मामले अगर अदालतों में पहुंचते भी हैं, तो मुकदमे की सुनवाई वर्षों तक खिंचती चली जाती है और फिर ऐसे मामलों में सजा की दर काफी कम है।

जाहिर है, दहेज के लिए महिलाओं की हत्या एक अफसोसनाक हकीकत है और इसे रोकने के तरीके अब तक कारगर नहीं रहे हैं। हालांकि एक धारणा यह फैलाई जाती रही है कि दहेज के बहुत सारे मामलों में इससे संबंधित कानून का दुरुपयोग किया जाता है और नाहक ही पति और उसके परिवार को फंसाने की कोशिश की जाती है। इसके समांतर राष्ट्रीय अपराध रेकार्ड ब्यूरो यानी एनसीआरबी के मुताबिक, 2022 में दहेज हत्या के कुल 6,450 मामले दर्ज हुए। इस आधार पर देखें तो देश में दहेज के लिए हर रोज करीब अठारह महिलाओं की हत्या कर दी जाती है। यानी वास्तव में कानून के दुरुपयोग के दावे के बरक्स हकीकत काफी त्रासद और शर्मनाक है।

इतना तय है कि दहेज के लिए किसी महिला की हत्या के पहले ऐसी स्थिति जरूर बनती है, जिसमें घर के दूसरे सदस्य उसे रोक सकते हैं। मगर परिवार या कई लोगों के बीच में एक अकेली महिला को दहेज के लिए जिंदा जला दिया जाना बताता है कि हत्या कोई भी करे, वहां मौजूद मूकदर्शक लोग भी प्रकारांतर से भागीदार होते हैं। किसी भी व्यक्ति या परिवार में दहेज की बेलगाम भूख यह बताती है कि वह अभी सभ्य और शिक्षित होने या विकास के वास्तविक पैमानों से काफी पीछे है।

# खरीदी 162 लॉटरी टिकटें, जीता 9.60 करोड़ 60 का जैकपॉट!

**जरा हट के**

दुनिया में कई जगह पर लॉटरी खरीदने को कानूनी तौर पर मान्यता प्रदान की गई है. यह सच है कि लॉटरी की लोगों को लत लग जाती है और कई घर इसके चक्कर में बर्बाद हो जाते हैं. वहीं जिन देशों में लाटरी अभी वैध है, वहां लोग कई तरह के गणित लगा लगा कर लाटरी का जुआ खेलते पाए जाते हैं यूके भी इसकी एक मिसाल है. हाल ही में एक शख्स 9 करोड़ 60 लाख रुपये का जैकपॉट जीता लेकिन उसने बताया कि इसके लिए उसने करीब 30 हजार रुपये में 162 टिकटें खरीदी थीं. ऐसा करते हुए उसने अच्छी खासी कैलक्यूलेशन की थी जिससे आखिरकार उसका निवेश काम आया.

### कितनी रकम जीती थी उसने?

विजेता ने साउथ कैरोलिना एजुकेशन लॉटरी अधिकारियों को बताया कि उनसे खास नबंरों पर दांव लगाया. उसके मुताबिक



उसे उसे 1-7-3-1 नंबरों पर भरोसा था जिसके कारण उसने पहले ईनाम में 811000 पाउंड यानी 9 करोड़ 60 लाख रुपये जीते. यह उन किस्सों में से एक है जिसमें विजेता ने माना था कि उसने अपने लकी नंबर के मुताबिक टिकट खरीदा था.

### दूसरे विजेता का पहले से कनेक्शन

मजेदार बात ये थी कि जो व्यक्ति दूसरे नंबर पर था वह भी उस समय उसी दुकान पर था जब पहला विजेता लॉटरी खरीद रहा था. उसे भी वहीं नंबर पसंद आए और वह दूसरे नंबर पर रह कर 18781 पाउंड यानी 22 लाख 21 हजार रुपये की राशि जीतने में कामयाब हुआ और उसे अपनी किस्मत पर यकीन ही नहीं हुआ.

### जीवन साथी को होते हैं पूर्वानुमान

जीत के अनुमान पर नेशनल लॉटरी के एक शोध में रोचक खुलासे हुए हैं. कई विजेताओं की पत्नी को पता था कि उनके नंबर आएंगे. कुछ ने सही बताया कि वे कितना जीतेंगे. एक विजेता ने बताया कि उसकी पत्नी ने सपना देखा कि वे 14 नंबर की गेंद उसका पीछा कर रही है और वह 14 नवंबर को जीतेंगे और ऐसा ही हुआ.

**खाना-खजाना**

# केले के क्रिस्पी पकौड़े

अगर आप भी हर बार आलू और प्याज के पकौड़े खाकर बोर हो गए हैं, तो इस बार कुछ नया ट्राई करके देख सकते हैं। जी हां, हम बात कर रहे हैं कच्चे केले के क्रिस्पी पकौड़ों की। ये पकौड़े न सिर्फ बनाने में बेहद आसान हैं, बल्कि इनका स्वाद इतना लाजवाब होता है कि एक बार खा लिया तो बार-बार बनाने का मन करेगा। यह स्वाद ऐसा है कि आप आलू-प्याज के पकौड़े खाना भूल जाएंगे।

**सामग्री :**

- 2 कच्चे केले
- 1 कप बेसन
- 2 बड़े चम्मच चावल का आटा (इससे पकौड़े क्रिस्पी बनेंगे)
- आधा चम्मच हल्दी पाउडर
- आधा चम्मच लाल मिर्च पाउडर
- एक चौथाई चम्मच गरम मसाला
- बारीक कटा हुआ हरा धनिया
- नमक स्वादानुसार
- तलने के लिए तेल



**विधि :**

सबसे पहले कच्चे केलों को अच्छी तरह धोकर छील लें। इन्हें गोल और पतले टुकड़ों में काटें।

एक बड़े कटोरे में बेसन, चावल का आटा, हल्दी, लाल मिर्च, गरम मसाला, नमक और हरा धनिया मिला लें।

अब इसमें थोड़ा-थोड़ा पानी डालकर गाढ़ा घोल बना लें। ध्यान रहे कि इसमें गुठलियां न पड़ें।

कटे हुए केले के टुकड़ों को इस घोल में अच्छी तरह लपेटें।

एक कड़ाही में तेल गरम करें और मध्यम आंच पर केले के टुकड़ों को सुनहरा और कुरकुरा होने तक तलें।

केले के पकौड़ों को पेपर टॉवल पर निकाल लें ताकि एक्स्ट्रा तेल निकल जाए।

# इन पकवानों के बिना अधूरा है गणेश चतुर्थी का त्योहार

गणेश चतुर्थी का त्योहार नजदीक आते ही हर तरफ एक अलग ही रौनक छा जाती है। बाजार रंग-बिरंगी मूर्तियों और सजावट के सामानों से सज जाते हैं और घरों में गणपति बप्पा के स्वागत की तैयारियां शुरू हो जाती हैं। जब बात गणपति की होती है, तो सबसे पहले मोदक का खयाल आता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि मोदक के अलावा भी कई ऐसे पकवान हैं, जिनके बिना गणेश चतुर्थी का त्योहार अधूरा है?

जी हां, मोदक भगवान गणेश का सबसे प्रिय भोग है, लेकिन भारत के अलग-अलग हिस्सों में बप्पा को कई तरह के पारंपरिक पकवानों का भोग लगाया जाता है। इन पकवानों का स्वाद और सुगंध त्योहार की खुशियों को और भी बढ़ा देता है। आइए जानते हैं मोदक के अलावा 8 ऐसे पकवानों के बारे में, जो गणेश चतुर्थी को और भी खास बनाते हैं।

### पुरण पोली

महाराष्ट्र में मोदक के बाद सबसे ज्यादा लोकप्रिय पकवान पुरण पोली है। यह एक मीठी रोटी होती है, जिसे चने की दाल और गुड़ या चीनी के मिश्रण से बनाया जाता है। इसे घी के साथ गर्मागर्म परोसा जाता है।

### शंकरपाली

यह एक कुरकुरा और मीठा स्नैक है, जिसे महाराष्ट्र और गुजरात में खूब पसंद किया जाता है। इसे मैदे, चीनी और घी से बनाया जाता है और फिर तेल में सुनहरा होने तक तला जाता है।





### लड्डू

बेसन, रवा, और नारियल के लड्डू भी गणपति के भोग के लिए बनाए जाते हैं। ये बनाने में आसान होते हैं और इनका स्वाद बच्चों से लेकर बड़ों तक सबको पसंद आता है।

### श्रीखंड

यह दही से बनने वाली एक स्वादिष्ट और ठंडी मिठाई है। दही को छानकर उसका पानी निकाल दिया जाता है और फिर उसमें चीनी, केसर, इलायची और सूखे मेवे मिलाकर इसे तैयार किया जाता है। यह खासतौर पर गुजरात और महाराष्ट्र में बहुत लोकप्रिय है।

### खिचड़ी

खिचड़ी को एक सात्विक भोजन माना जाता है और इसे कई जगहों पर प्रसाद के रूप में चढ़ाया जाता है। यह मूंग दाल और चावल से बनती है, जो पाचन के लिए भी अच्छी होती है।

### मेथी भाजी

कुछ जगहों पर गणपति को भोग में हरी सब्जियां भी चढ़ाई जाती हैं, जिसमें मेथी भाजी प्रमुख है। इसे लहसुन, प्याज और मसालों के साथ बनाया जाता है।

### नारियल की बर्फी

नारियल का इस्तेमाल मोदक में तो होता ही है, लेकिन नारियल की बर्फी भी गणपति के भोग के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। यह बनाने में आसान है और इसका स्वाद भी लाजवाब होता है।

### पोंगल

तमिलनाडु में, गणेश चतुर्थी के दौरान पोंगल बनाया जाता है। यह चावल और मूंग दाल से बनता है और इसे मीठे या नमकीन दोनों तरह से बनाया जा सकता है।

## आज का राशिफल

**मेष** : नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। नए विचार दिमाग में आएंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। धनार्जन होगा। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा।

**वृषभ** : कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। काम में मन नहीं लगेगा। दूसरे आपसे अधिक की अपेक्षा करेंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। पुराना रोग उभर सकता है।

**मिथुन** : मान-सम्मान मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आय में वृद्धि होगी। जल्दबाजी न करें। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। लाभ होगा। प्रयास सफल रहेंगे।

**कर्क** : घर में अतिथियों का आगमन होगा। प्रसन्नता तथा उत्साह बने रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। आलस्य हावी रहेगा। प्रमाद न करें। विवेक का प्रयोग करें। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**सिंह** : नौकरी में अधिकार वृद्धि हो सकती है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। निवेश मनोनकूल रहेगा। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण बनेगा। किसी कार्य के प्रति चिंता रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है।

**कन्या** : व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगा। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। विवाद से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। पुराना रोग उभर सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति की बातों में न आएं।

**तुला** : व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। कोई बड़ा काम करने की इच्छा जागृत होगी। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। प्रमाद न करें। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**वृश्चिक** : मान-सम्मान मिलेगा। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ होगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि से लाभ होगा। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें। थकान रहेगी। कार्य की चिंता रहेगी।

**धनु** : लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। दूसरों के कार्य में हस्तक्षेप न करें। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल लाभ देंगे। किसी बड़े काम की रुकावट दूर होगी।

**मकर** : हंसी-मजाक में हल्कापन न हो, ध्यान रखें। कीमती वस्तुएं इधर-उधर हो सकती हैं, संभालकर रखें। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। यात्रा में जल्दबाजी न करें। शारीरिक कष्ट संभव है। पुराना रोग उभर सकता है। वाहन के प्रयोग में सावधानी रखें।

**कुंभ** : व्यापार व व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। राजकीय बाधा दूर होकर स्थिति अनुकूल बनेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। धनहानि की आशंका है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। थकान व कमजोरी रह सकती है।

**मीन** : आय के नए साधन प्राप्त हो सकते हैं। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। जीवन सुखमय व्यतीत होगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य में राहत मिलेगी। चिंता दूर होगी। नौकरी में रुतबा बढ़ेगा।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# किडनी डैमेज होने पर सुबह के समय दिखाई देते हैं ये 4 संकेत

सुबह के समय हमारा शरीर कई संकेतों के जरिए सेहत से जुड़ी गड़बड़ियों के बारे में हमें चेतावनी देने की कोशिश करता है। ऐसे ही किडनी से जुड़ी कई समस्याओं के लक्षण सुबह के समय दिखाई देते हैं। अक्सर हम इन्हें इग्नोर कर देते हैं, जिसके कारण परेशानी और बढ़ सकती है। अगर समय पर इन लक्षणों की पहचान कर ली जाए, तो किडनी डैमेज को बढ़ने से रोका जा सकता है। आइए जानें किडनी डैमेज की शुरुआत होने पर सुबह के समय शरीर में क्या-क्या लक्षण दिखाई देते हैं।

### चेहरे पर सूजन

सुबह उठकर अगर आपको अपने चेहरे, खासकर आंखों के आस-पास असामान्य सूजन नजर आए, तो यह किडनी समस्या का एक अहम संकेत हो सकता है। किडनी शरीर में एक्स्ट्रा सोडियम और पानी को फिल्टर करके यूरिन के जरिए बाहर निकाल देती है, लेकिन जब किडनी में किसी तरह की दिक्कत होने लगती है, तो वे ठीक से फिल्टर नहीं कर पाती। इस कारण शरीर में नमक और पानी जमा होने लगता है, जिससे सूजन पैदा होती है।

### यूरिन में झाग

सुबह के पहले यूरिन पर गौर करें। अगर यूरिन में झाग बन रहा है और वह बार-बार फ्लश करने के बाद भी जाने में समय ले रहा है, तो यह चिंता का विषय है। यूरिन में झाग इस बात का संकेत है कि उसमें प्रोटीन की मात्रा ज्यादा है, जिसे 'प्रोटीन्यूरिया' कहा जाता है। हेल्दी किडनी खून में मौजूद जरूरी प्रोटीन को शरीर में ही रहने देती हैं और सिर्फ वेस्ट प्रोडक्ट को ही बाहर निकालती हैं। लेकिन किडनी डैमेज होने पर इस फिल्टरेशन प्रोसेस में दिक्कत आने लगती है, जिससे झाग बनता है।

### मुंह से दुर्गंध

अगर सुबह उठने पर मुंह से तेज और असामान्य बदबू आती है, जो ब्रश करने के बाद भी पूरी तरह से नहीं जाती, तो यह किडनी की गंभीर समस्या का लक्षण हो सकता है। जब किडनी खून में मौजूद यूरिया जैसे वेस्ट प्रोडक्ट को फिल्टर नहीं कर पाती, तो उनका लेवल बढ़ने लगता है। शरीर यूरिया को ब्रेक डाउन करके अमोनिया जैसी गैस में बदल देता है, जो सांसों



के जरिए बाहर निकलती है और मुंह से अमोनिया जैसी दुर्गंध आने लगती है।

### त्वचा का रूखा होना

सुबह उठते ही बिना किसी कारण त्वचा में रूखापन और तेज खुजली महसूस होना भी किडनी डैमेज का एक संकेत हो सकता है। किडनी का काम शरीर में मिनरल्स का बैलेंस बनाए रखना भी है। किडनी डैमेज होने पर खून में फॉस्फोरस जैसे मिनरल्स की मात्रा को कंट्रोल नहीं कर पाती। फॉस्फोरस का लेवल बढ़ने पर त्वचा में खुजली और रूखेपन की समस्या होने लगती है। साथ ही, खून में जमा टॉक्सिन भी त्वचा में जलन और खुजली पैदा कर सकते हैं।

# सेहत का खजाना अमरूद

अमरूद हमारे स्वास्थ्य के लिए बेहद उपयोगी फल माना जाता है. यह केवल स्वाद और ताजगी ही नहीं देता बल्कि शरीर को कई तरह की बीमारियों से बचाने में भी सहायक होता है. दूसरी ओर, अमरूद की कोमल पत्तियां भी कमाल की औषधि का काम करती हैं. आयुर्वेद के अनुसार इन पत्तियों में कई प्रकार के पोषक तत्व पाए जाते हैं जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करते हैं.

अगर आप लंबे समय से पाचन संबंधी परेशानियों से जूझ रहे हैं तो अमरूद की पत्तियां आपके लिए रामबाण साबित हो सकती हैं. सुबह खाली पेट इसकी तीन से चार कोमल पत्तियों का सेवन करने से पाचन क्रिया दुरुस्त रहती है. इसमें मौजूद फाइबर और एंटीबैक्टीरियल गुण कब्ज, गैस और एसिडिटी जैसी दिक्कतों को दूर करने में मदद करते हैं और पेट को हल्का व आरामदायक बनाते हैं.

गर्मियों में पेट की गर्मी के कारण अक्सर मुंह में छाले हो जाते हैं, जिससे लोग बहुत परेशान रहते हैं. ऐसे में अमरूद की पत्तियां राहत का बेहतरीन उपाय साबित होती हैं. इन पत्तियों में पाए जाने वाले एंटी-माइक्रोबियल गुण मुंह से जुड़ी कई समस्याओं को दूर करने में सहायक होते हैं. नियमित रूप से इसका सेवन करने से छालों की समस्या



कम हो जाती है और मुंह की स्वच्छता भी बनी रहती है.

अगस्त के महीने में अमरूद भरपूर मात्रा में बाजार में मिलता है और यह पोषक तत्वों का खजाना है. इसमें विटामिन सी, फाइबर, पोटेशियम और एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं. यही वजह है कि यह फल शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाकर कई बीमारियों से बचाव करता है. कुल मिलाकर कहा जाए तो अमरूद किसी चमत्कारी फल से कम नहीं है, जो बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी के लिए लाभकारी है.

अमरूद के पत्ते जहां शरीर में कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने और जोड़ों के दर्द को दूर करने में मददगार है, वहीं अमरूद खाने के भी असंख्य फायदे हैं. यह फल शुगर लेवल को संतुलित रखने में मदद करता है और साथ ही आंखों की रोशनी व त्वचा की सेहत को भी बेहतर बनाता है.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## संक्षेप...

### स्लैब गिरने से मासूम की मौत, पिता घायल

**ठाणे.** मीरारोड पूर्व के नयानगर क्षेत्र में मंगलवार सुबह बड़ा हादसा हो गया. नूरजहां-51 नामक बिल्डिंग का स्लैब अचानक टूटकर नीचे गिर पड़ा. इस हादसे में 4 वर्षीय अहाद अंसारी की मौत हो गई, जबकि उसके पिता नसीम अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गए. उन्हें उपचार के लिए नज़दीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. सुबह 10 बजे के आसपास अचानक तीसरी मंजिल का छज्जा टूटकर दूसरी मंज़िल पर गिरा. मलबे की चपेट में आए पिता-पुत्र को स्थानीय नागरिकों और अग्निशमन दल की मदद से बाहर निकाला गया.

# व्हाट्सएप पर आई महाराष्ट्र की सरकार

- गांव-देहात तक मोबाइल पर मिलेंगी छोटी-छोटी सेवाएं



**मुंबई.** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को राज्य की नागरिक सेवाओं को और सुगम बनाने के लिए बड़ा कदम उठाने का निर्देश दिया. उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मौजूदा 'आपले सरकार' पोर्टल के अलावा अब सरकार से मिलने वाली सभी नागरिक सेवाओं को व्हाट्सएप मंच पर भी उपलब्ध कराया जाए, ताकि आम लोगों तक सेवाएं आसानी और तेजी से पहुंच सकें.

मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी आवास 'वर्षा' में नागरिक सेवाओं की समीक्षा बैठक के दौरान यह निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि शुरुआत में हर तालुका को 10 से 12 गांवों के समूह में बांटा जाए, जहां नागरिकों को उनकी स्थानीय जरूरतों के मुताबिक सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें. इन समूहों के प्रबंधन की जिम्मेदारी एक समर्पित टीम को सौंपी जाएगी, ताकि सेवा वितरण में पारदर्शिता और तेजी लाई जा सके.

सीएमओ द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, फडणवीस ने अधिकारियों को स्पष्ट कहा कि आवेदन प्रक्रिया को सरल और कम कागजी कार्यवाही वाला बनाया जाए. उन्होंने जोर दिया कि नागरिकों से केवल जरूरी दस्तावेज ही मांगे जाएं और अनावश्यक औपचारिकताओं को खत्म किया जाए.

इसके साथ ही, मुख्यमंत्री ने यह भी प्रस्ताव दिया कि तृतीय पक्ष एजेंसियों के जरिए सेवाओं की गुणवत्ता की स्वतंत्र जांच होनी चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आम लोगों को वादा की गई सुविधाएं समय पर और सही तरीके से मिल रही हैं.

फडणवीस ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी जिला परिषदों, नगर निगमों और विश्वविद्यालयों के डैशबोर्ड को मानकीकृत किया जाए, ताकि राज्यभर के नागरिकों को समान अनुभव मिल सके.

उन्होंने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सेवाओं का एक समान प्रारूप लोगों के लिए अधिक भरोसेमंद और उपयोगी होगा. विशेषज्ञों का मानना है कि अगर नागरिक सेवाएं व्हाट्सएप पर उपलब्ध होती हैं तो ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग भी आसानी से सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे. व्हाट्सएप की व्यापक पहुंच इसे सबसे प्रभावी और उपयोगी माध्यम बनाती है.

# भिवंडी मनपा गणपति पर्व के लिए मुस्तैद



**भिवंडी.** भिवंडी मनपा गणेश चतुर्थी के लिए पूरी तरह तैयार. भिवंडी.आज से शुरू हो रहे गणेश पर्व की खातिर मनपा की तैयारी पूरी हो चुकी है.गणपति आगमन और विसर्जन मार्ग पर सड़क की मरम्मत का काम युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया है.गणेश भक्तों की सुविधा की खातिर विसर्जन घाटों पर हर जगह मार्ग अधिकारी नियुक्त किए गए हैं.विसर्जन घाटों की भी मरम्मत की गई है. वराला देवी सहित अन्य विसर्जन तालाब में पोटेशियम परमैग्नेट का छिड़काव करके पानी को साफ़ किया जा रहा है.विसर्जन घाटों से कचरा इकट्ठा करके वहाँ कीटाणुनाशक और दुर्गन्धनाशक दवाओं का छिड़काव किया गया है. मनपा प्रशासक, आयुक्त अनमोल सागर के आदेशानुसार, मनपा अधिकारी पूरी मुस्तैदी से विसर्जन घाटों,सड़क दुरुस्ती, स्वच्छता आदि कार्यों को किए जाने में जुटे हुए हैं.

# सड़क सुरक्षा को लेकर संबंधित विभाग सतर्क रहें

- जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पंचाल ने बैठक में दिए निर्देश



**ठाणे.** गणेशोत्सव पर्व पर ज़िले की सभी एजेंसियों को सड़क सुरक्षा को लेकर सतर्क रहना चाहिए और मिशन मोड पर काम करना चाहिए, यह बात जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पंचाल ने आज कार्यालय के समिति कक्ष में ठाणे ज़िले में सड़क सुरक्षा के संबंध में आयोजित एक बैठक में कही। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) डॉ. डी.एस. स्वामी, पुलिस उपायुक्त (यातायात) पंकज शिरसाठ, निवासी उपजिलाधिकारी डॉ. संदीप माने, मनपा, ज़िला परिषद, लोक निर्माण विभाग, मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण, महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम, क्षेत्रीय परिवहन विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण विभाग, उप-विभागीय अधिकारी कार्यालय, तहसील कार्यालय आदि विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

जिलाधिकारी डॉ. श्री कृष्ण पांचाल ने ठाणे जिले में सड़क मरम्मत एवं नियोजन, भारी यातायात नियंत्रण एवं नियोजन, वैकल्पिक मार्ग नियोजन, दुर्घटनाओं में कमी और नागरिकों की सुरक्षा के संबंध में की जाने वाली कार्रवाई की विस्तृत समीक्षा की। इस बैठक में उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को ठाणे जिले के दुर्घटना-प्रवण क्षेत्रों में अस्थायी और दीर्घकालिक उपाय करने, जिले के ब्लैकस्पॉट और संवेदनशील स्थानों पर सभी संबंधित विभागों को जनशक्ति उपलब्ध कराने, किसी भी अप्रिय घटना की रोकथाम सुनिश्चित करने, सभी संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय में कार्य करने, सड़क पर गड्ढों को तुरंत भरने, यातायात जाम न हो, गणपति आगमन और विसर्जन के दिन भारी वाहनों पर प्रतिबंध लगाने, नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित करने, सड़क पर गड्ढों को भरने के लिए जहाँ आवश्यक हो, अतिरिक्त सामग्री उपलब्ध कराने और कम से कम समय में सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए।

### 2 चोर गिरफ्तार, सामान सहित एक टेम्पो जब्त

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर क्राइम ब्रांच ने अंबरनाथ के पूर्व परिसर स्थित आनंदनगर एमआईडीसी स्थित एक कंपनी से 10 लाख 52 हजार रुपए का सामान चुराने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. अंबरनाथ पूर्व स्थित आनंद नगर एमआईडीसी स्थित अकमे प्रोडक्ट्स एंड सिस्टम्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सुरक्षा गार्ड सचिन कांबले ने अपने साथी के साथ मिलकर 14 से 16 अगस्त के बीच इस कंपनी से 10 लाख रुपए का स्टील और तांबे का सामान चुराया था. इस मामले में शिवाजीनगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था. इस बीच उल्हासनगर क्राइम ब्रांच ने इस संबंध में समानांतर जांच कर रही थी.

# जिलाधिकारी से कपिल पाटिल की मांग

- त्योहारों में सुबह 9 से रात्रि 9 तक भारी वाहनों पर लगे पाबंदी



**भिवंडी.** भिवंडी शहर और ग्रामीण तालुका यातायात की भीड़ से ग्रस्त हैं.भिवंडी के हजारों नागरिकों को राहत देने के लिए, पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कपिल पाटिल ने जिलाधिकारी श्रीकृष्णा पांचाल से मांग की कि त्योहारों के दौरान सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक नागरिकों की यातायात सुविधा की खातिर ठाणे-भिवंडी बाईपास पर भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए. गौरतलब हो कि, भिवंडी तालुका में यातायात की भीड़ के मुद्दे को लेकर कलेक्ट्रेट में एक बैठक हुई.

जिला कलेक्टर श्रीकृष्णनाथ पांचाल की उपस्थिति में आयोजित बैठक में पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कपिल पाटिल,सपा विधायक रईस शेख उपस्थित थे.पूर्व मंत्री पाटिल ने कहा कि, भिवंडी तालुका के गोदामों से देश भर में माल भेजा जाता है.पिछले 3 महीनों में गंभीर यातायात भीड़ के कारण आम जनता के साथ-साथ व्यापारी भी प्रभावित हुए हैं.

छात्र, कर्मचारी और नागरिक परेशान हैं.उन्होंने मांग की कि, जेएनपीटी से अहमदाबाद जाने वाले सभी भारी वाहनों को त्योहारों और समारोहों के दौरान कम से कम सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक रोक दिया जाना चाहिए. जिलाधिकारी पांचाल ने संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर उचित कार्यवाही का भरोसा दिया है.

### पुलिसकर्मी के बेटे ने की आत्महत्या

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है जिसमें एक पुलिस कर्मचारी के नाबालिग बेटे ने एक बिल्डिंग से कूदकर आत्महत्या कर ली. पश्चिम भाग के कोहोजगांव इलाके में हुई इस घटना से परिसर में शोक का माहौल है. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार उल्हासनगर यातायात शाखा में कार्यरत पुलिस के 17 वर्षीय बेटे, जो कोहोजगांव के विट्ठल मंदिर इलाके में एक आवासीय परिसर में रहता है. मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे यह आत्मघाती कदम उठाया. इमारत के सुरक्षा गार्ड ने तेज आवाज सुनी और जब उसने देखा, तो उसने देखा कि नाबालिग लड़का खून से लथपथ पड़ा था. लड़के को घायल अवस्था में तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया और मृत घोषित कर दिया गया.

**एसएसटी महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट द्वारा**

# हरित उपक्रम और सामाजिक प्रतिबद्धता का संदेश





**उल्हासनगर.** 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में एसएसटी महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट और ग्रीन क्लब की ओर से विभिन्न समाजोपयोगी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस उपक्रम में बदलापुर वनपरिक्षेत्र, जीवन फाउंडेशन, स्वास्थ्य, योगा एवं नेचुरोपैथी इंस्टीट्यूट तथा पिंपरी-चिंचवड़ कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के सहयोग से वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

छात्रों ने हरियाली को संजोने का संकल्प लेते हुए परिसर में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया। पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ समाज से जुड़ाव बढ़ाने के उद्देश्य से, महाविद्यालयीन स्वयंसेवकों ने गोद लिए गए महेंद्र नगर (जवसई, अंबरनाथ) झोपड़पट्टी क्षेत्र में द यूथ यूनिटी फाउंडेशन के सहयोग से स्वच्छता और जनजागरूकता कार्यक्रम चलाए। स्थानीय निवासियों ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए ऐसे उपक्रमों की निरंतर आवश्यकता व्यक्त की।

इसके साथ ही, वसारगांव रोड पर स्थित गोद लिए गए ग्लोबल फाउंडेशन ट्रांसजेंडर शेल्टर में स्वयंसेवकों ने जाकर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य और अध्यापकों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि – 'एनएसएस स्वयंसेवक केवल पर्यावरणीय उपक्रम ही नहीं, बल्कि समाज के विभिन्न घटकों को जोड़ने वाले पुल भी हैं।' इन उपक्रमों के माध्यम से एसएसटी कॉलेज की एनएसएस यूनिट ने पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्रीय एकता का संदेश प्रभावी ढंग से प्रसारित किया।

इन उपक्रमों की सफलता के लिए महाविद्यालय के संस्थापक प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी, आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. खुशबू पुरस्वानी तथा उपप्राचार्य एवं एनएसएस के ठाणे जिला समन्वयक प्रा. जीवन विचारे के मार्गदर्शन में कार्यक्रम अधिकारी प्रा. मयूर माथुर, प्रा. नम्रता सिंह और प्रा. स्नेहा गुप्ता ने छात्र स्वयंसेवकों के साथ मिलकर परिश्रम किया।

### मुशायरे का आयोजन

**भिवंडी.** साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था बज़्मे अंसार अदब भिवंडी द्वारा सलाहुद्दीन अय्यूबी हाई स्कूल में प्रसिद्ध पत्रकार,साहित्यकार और सामाजिक कार्यकर्ता अब्दुल जलील अंसारी और सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक रियाज़ अहमद मोमिन के सम्मान में अभिनंदन समारोह और मुशायरे (काव्य गोष्ठी) का आयोजन शब्बीर अहमद शाद की अध्यक्षता में किया गया. विशेष अतिथि के रूप में मुम्बई के मुशीर अहमद अंसारी उपस्थित थे. अतिथि के रूप में प्रधानाचार्य जियाउर रहमान अंसारी, अब्दुल अजीज अंसारी, एम.मुबीन आदि शामिल रहे. शकील अहमद शकील ने समारोह का उद्घाटन किया.आमिर असगर कुरैशी ने दोनों सम्मानित अतिथियों के जीवन और सेवाओं पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि,अब्दुल जलील अंसारी की साहित्यिक, सामाजिक एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में सराहनीय योगदान एवं सेवाओं से सभी लोग परिचित हैं, उनके विभिन्न गुणों एवं कार्यों विस्तृत उल्लेख किया.


# ठाणे मनपा और रोटरी क्लब ने किया ई-रिक्शा वितरित



**ठाणे.** जरूरतमंद महिलाओं और तृतीय जाति के लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से, ठाणे मनपा और रोटरी क्लब ऑफ ठाणे लेक सिटी द्वारा मनपा मुख्यालय परिसर में प्रतिनिधि रूप से दो ई-रिक्शा वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में मनपा आयुक्त सौरभ राव, अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे, उपायुक्त अनघा कदम, रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3142 के पूर्व गवर्नर दिनेश मेहता, रोटरी लेक सिटी की अध्यक्ष दीपाली महिंद्रा, रोटेरियन अनिरुद्ध आदि उपस्थित थे। ठाणे मनपा आयुक्त सौरभ राव के मार्गदर्शन में मनपा, रोटरी क्लब ऑफ़ ठाणे लेक सिटी, एटोस कंपनी और समर्थ भारत व्यासपीठ के सहयोग से कार्यान्वित की जा रही है। इसी के तहत, रोटरी क्लब ऑफ़ ठाणे लेक सिटी ने ज़रूरतमंद और स्वरोज़गार में लगी महिलाओं और ट्रांसजेंडरों को रोज़गार के अवसर प्रदान करने के लिए ई-रिक्शा (इलेक्ट्रिक रिक्शा) वितरित किए। अब तक कुल 15 ई-रिक्शा वितरित किए जा चुके हैं। इनमें से चार ई-रिक्शा ट्रांसजेंडरों को दिए गए हैं।मनपा आयुक्त सौरभ राव ने इन रिक्शा चालकों को बधाई दी।

# शाहरुख खान को बांद्रा में मिलेगा आलीशान घर

- समंदर के किनारे होगा 2,800 वर्ग फुट एरिया का 4 बीएचके अपार्टमेंट



बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान को मुंबई के बांद्रा कार्टर रोड पर एक नया 4 बीएचके सी-फेसिंग अपार्टमेंट मिलने वाला है। यह अपार्टमेंट लगभग 2,800 वर्ग फुट का होगा। यह घर श्री अमृत सोसाइटी के री-डेवलपमेंट प्रोजेक्ट का हिस्सा है। यहां शाहरुख का एक अपार्टमेंट है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक यह प्रोजेक्ट श्री लोटस डेवलपर्स एंड रियल्टी लिमिटेड कर रहा है। इसे वित्त वर्ष 2027 की पहली छमाही में लॉन्च किए जाने की उम्मीद है। कंपनी को इस प्रोजेक्ट से करीब 1,500 से 2,000 करोड़ रुपए की कमाई हो सकती है।

बता दें कि शाहरुख ने शादी के बाद श्री अमृत सोसाइटी में अपना फ्लैट खरीदा था। यह उनकी मुंबई में पहली प्रॉपर्टी थी।

कंपनी को जून 2025 में सोसाइटी का री-डेवलपमेंट करने के लिए चुना गया था, और हर फ्लैट मालिक को इसके बाद 155% ज्यादा जगह मिलेगी। अब शाहरुख को भी नया अपार्टमेंट मिलेगा।

**डेवलपर कीमत 1.5 लाख रुपए प्रति वर्ग फुट**

कंपनी के सीएमडी आनंद पंडित ने कहा, 'बिक्री के लिए फ्लैट 4 और 5 बीएचके के होंगे। यह फाइनल प्लान पर निर्भर करेगा। प्रोजेक्ट का कुल बिक्री क्षेत्र 1.35 लाख वर्ग फुट होगा।' कार्टर रोड पर बने इस सोसाइटी प्रोजेक्ट की शुरुआत 1980 के दशक में हुई थी। यह एक एकड़ सी-फेसिंग जमीन पर बना है। जुलाई 2024 में सोसाइटी द्वारा जारी टेंडर के अनुसार, 4,000 वर्ग मीटर के प्लॉट में तीन विंग शामिल हैं। कंपनी के मुताबिक, पूरे प्रोजेक्ट के बनाए जाने वाले इलाके में पुराने सदस्य लगभग 45% हिस्सा अपने फ्लैट के लिए पाएंगे और बाकी 55% हिस्सा लोटस डेवलपर्स बिक्री के लिए रखेंगे।

# यातायात को लेकर मनपा और पुलिस विभाग की बैठक संपन्न



**भिवंडी.** भिवंडी शहर में यातायात की भीड़भाड़ और उससे उत्पन्न होने वाली समस्याओं को लेकर पुलिस विभाग और नगर निगम प्रशासन की महत्वपूर्ण बैठक मनपा सभागृह में प्रशासक,आयुक्त अनमोल सागर की अध्यक्षता में हुई. बैठक में यातायात की भीड़भाड़ से निपटने के उपाय नियोजन पर गंभीर चर्चा हुई.उक्त मौके पर पुलिस उपायुक्त शशिकांत बोराटे, अतिरिक्त आयुक्त विट्ठल डाके, पुलिस उपायुक्त (परिवहन) पंकज शिरसाठ, उपायुक्त (मुख्यालय) विक्रम दराडे, सहायक पुलिस आयुक्त सचिन सांगले, सहायक पुलिस आयुक्त मराठे, सहायक पुलिस आयुक्त (परिवहन) शरद ओहवाल, पुलिस निरीक्षक किशोर खरात, नगर अभियंता जमील पटेल, शहर सह अभियंता सचिन नाईक सहित अन्य क्षेत्रीय उप अभियंता, वार्ड अधिकारी बैठक में मौजूद थे.


गौरतलब हो कि, भिवंडी में ट्रैफिक जाम समस्या के समाधान की खातिर मनपा प्रशासक, आयुक्त अनमोल सागर काफी सक्रिय होकर पुलिस विभाग के साथ कई बैठक कर चुके हैं.उन्होंने ट्रैफिक समाधान की खातिर पुलिस विभाग को मनपा की तरफ से हर संभव मदद का भरोसा दिया है. मनपा सभागृह में सम्पन्न हुई बैठक में मौजूद भिवंडी पुलिस उपायुक्त (यातायात) पंकज सिरसाट ने बताया कि, शहर में 800 सीसीटीवी कैमरे चालू हैं, जिनके माध्यम से विपरीत दिशा में वाहन चलाने वाले और सड़क के किनारे वाहन पार्क करने वाले वाहन मालिकों के खिलाफ कड़क कार्रवाई की जाएगी.पुलिस उपायुक्त (यातायात) सिरसाट ने यातायात पुलिस को नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मामला दर्ज करने के निर्देश दिए. उन्होंने शहर में यातायात नियमों के पालन हेतु नगर निगम से यातायात वार्डन को नियुक्ति करने की भी माँग की.भिवंडी नगर निगम प्रशासक एवं आयुक्त अनमोल सागर ने बांधकाम विभाग के सभी अभियंताओं को युद्धस्तर पर सड़क मरम्मत हेतु तत्काल कार्रवाई करने का आदेश दिया.

### कल्याण-डोंबिवली में 293 सार्वजनिक गणपति

**कल्याण.** कल्याण डोंबिवली में सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल में 293 गणपति स्थापित किए जाएँगे। जबकि निजी घरेलू गणपति की संख्या 50 हज़ार से ज़्यादा है। छह हज़ार गौरी स्थापित की जाएँगी। कानून-व्यवस्था और यातायात व्यवस्था के प्रबंधन के लिए 121 अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। 667 पुरुष और महिला पुलिस कर्मचारी नियुक्त किये गये हैं। 150 होमगार्ड और दो एसआरपी दस्ते तैनात किए गए हैं। गणेश विसर्जन के लिए 47 प्राकृतिक स्थल और 33 कृत्रिम तालाव हैं।


Staff Required

SINDHI MALE



Qualification
B.COM PASSED
For ACCOUNTANT
&
For SALESMAN
Qualification-
10TH PASSED

CONTACT :
MR. RAJESH
Mob. No. : 9307579475



نوجیون کو آپریٹو بینک لمیٹیڈ

NAV JEEVAN CO-OP. BANK

ESTD : 1985

Head Office:
Bhawani Saw Mills Compound,
Ulhasnagar-3.
☎: 0251-2572101:2568541/Fax 2567523
Visit us at: www.navjeevanbank.com

SERVICES AVAILABLE

Features and Services of Bank

- Different types of Deposits Schemes with Attractrive Deposits Rates.
- All types of Loans & Advances facilities with Competitive Rate.
- 24x7 NEFT/RTGS Services.
- Safe and Secure Mobile Banking Service with NEFT and RTGS Services.
- Franking Service in Ulhasnagar and Thane.
- Insurance Service through corporate Partners

Upcoming Service

Blocking & Unblocking ATM cards through SMS.


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099